हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 23 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है की भारत के तेजी से विकसित भरोसेमंद अर्थव्यवस्था और विश्वसनीय विश्व-शक्ति बनने में राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत प्रेरक रहा है। नई दिल्ली में कल निजी मीडिया हाउस के सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्वसनीयता, स्थिरता और वैश्विक हित के लिए प्रतिबद्धता पिछले दशक में भारत की उपलब्धियों के मूल में रही हैं। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व नेताओं ने राष्ट्रीय हितों की प्राथमिकता देने की भारत की अटल प्रतिबद्धता को समझा किया है। सरकार के 12 वर्ष के कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया, खादी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों की प्रतिबद्धता से सफल हुई है।

पिछले 12 वर्षों के जो भी सिद्धियां देश की रही है उनके मूल में राष्ट्र प्रथम की भावना ही केंद्र में है। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर मेंक इन इंडिया, खादी खरीदने पर जोर, स्थानिय वस्तुएं खरीदने पर जोर। यह सारे इनीशिएटिव इसलिए सफल हुए क्योंकि देश की जनता ने देश को सबसे ऊपर रखते हुए अपना कर्तव्य निभाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में लगभग 25 करोड लोग गरीबी से उबरे हैं। श्री मोदी ने सस्ते आवास, कर सुधार, स्वास्थ्य देश-भाल योजना और बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा का उल्लेख किया।

देश की मजबूत अवसंरचना पर बल देते हुए श्री मोदी ने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेल गाडियों, विस्तारित राजमार्ग और हवाई अड्डों से संपर्क व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

2014 में गरीब 28 लाख लोग हर रोज मेट्रो से सफर करते थे। आज करीब एक करोड़ 28 लाख लोग हर रोज मेट्रो से सफर कर रहे हैं। अब वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी अच्छी सड़कों, अच्छे हाईवे से समय तो बच ही रहा है, गाड़ियों की मेंटेनेंस पर होने वाला खर्चा भी काम हुआ है। बीते वर्षों में एयरपोर्ट्स की संख्या डबल हुई है। इससे कई छोटे–छोटे शहरों में भी मिडिल क्लास को हवाई यात्रा की सुविधा पहली बार मिली है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। हमारी संवाददाता ने बताया है कि आज दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्मश्री सहित कुल 65 अलंकरण दिए जाएंगे।

आज राष्ट्रपति जिन 65 विशिष्ट हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेंगी। इनमें टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, गायिका अलका याग्निक और भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हैं। इस वर्ष केंद्र सरकार ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म में भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में 19 महिलाएं हैं जबकि 16 सम्मान मरणोपरांत प्रदान किए जाएंगे।

****

हरियाणा मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की सहायता योजना के तहत

राज्य के जिलों में नए व पुराने ट्रकों और बसों को बदलने पर मोटर वाहन कर में छूट को मंजूरी दी है।

कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नए बी एस –सिक्स, इलेक्ट्रॉनिक और सी एन जी ट्रकों और बसों की खरीद पर मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

दोनों ही मामलों में, मोटर वाहन कर में यह छूट 10 साल की अवधि के लिए मान्य होगी। इसके साथ ही, पुराने ट्रकों और बसों के साथ योजना में शामिल होने वाले लाभार्थियों को एक साल से ज़्यादा समय से लंबित देनदारियों से छूट मिलेगी।

मंत्रिमंडल ने 'आदर्श ऑनलाइन स्थानांतरण नीति 2026' और 'अध्यापक स्थानांतरण नीति , 2026' को भी मंजूरी दी है। ये संशोधित नीतियां पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की टिप्पणियों और विभिन्न हितधारकों से मिली प्रतिक्रिया पर उचित विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई हैं।

मंत्रिमंडल ने हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास की 'दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-दयालु ' में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

****

केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा सरकारी निधि के गबन के आरोप में गिरफ्तार किए गए आईएएस पंकज अग्रवाल को आज अदालत में पेश किया जाएगा। उन पर हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खातों से धन की हेराफेरी का आरोप है।

सी बी आई ने बताया कि घोटाले के समय वे विद्यालय शिक्षा विभाग और कृषि विभाग में प्रधान सचिव थे।

****